# दिल्ली-चंडीगढ़ हाईवे पर बीएचईएल द्वारा स्थापित सौर इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशनों का उद्घाटन, माननीय केंद्रीय मंत्री भारी उद्योग और लोक उद्यम द्वारा किया गया

नई दिल्ली, 30 अगस्त: भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) दिल्ली-चंडीगढ़ राजमार्ग पर सौर-आधारित इलेक्ट्रिक वाहन चार्जर्स (एसईवीसी) का एक नेटवर्क स्थापित कर रहा है। माननीय केंद्रीय मंत्री भारी उद्योग एवं लोक उद्यम, श्री अरविंद गणपत सावंत द्वारा बीएचईएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, डॉ नलिन सिंघल की उपस्थिति में एक ही श्रृंखला में पांच चार्जिंग स्टेशनों का उद्घाटन किया गया। यह चार्जर दिल्ली-चंडीगढ़ राजमार्ग पर अंबाला, कुरुक्षेत्र, करनाल, पानीपत और समालखा (सोनीपत) में हरियाणा पर्यटन निगम लिमिटेड के रिसॉर्ट्स में स्थित हैं। इस अवसर पर भारी उद्योग विभाग, बीएचईएल और हरियाणा पर्यटन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

यह परियोजना भारत सरकार के भारी उद्योग विभाग (डीएचआई) के एफ़एएमई स्कीम [फास्टर अडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग (हाइब्रिड) एंड इलेक्ट्रिक व्हीकल्स इन इंडिया] के अंतर्गत आती है। दिल्ली और चंडीगढ़ के बीच पूरे 250 किलोमीटर के क्षेत्र में नियमित अंतराल पर ईवी चार्जर की स्थापना इलेक्ट्रिक वाहन उपयोगकर्ताओं के बीच सीमा-चिंता का निराकरण करेगी और अंतर-नगर यात्रा के लिए उनके आत्मविश्वास को बढ़ाएगी। परियोजना के हिस्से के रूप में, बीएचईएल ने एक उपयोगकर्ता के अनुकूल मोबाइल ऐप के साथ ईवी चार्जर्स के लिए एक केंद्रीय निगरानी प्रणाली (सीएमएस) भी विकसित की है।

परियोजना में बीएचईएल के कार्यक्षेत्र में सेंट्रल मॉनिटरिंग सिस्टम के साथ ईवी चार्जिंग स्टेशनों के डिजाइन, इंजीनियरिंग, विनिर्माण, आपूर्ति और स्थापना शामिल हैं। प्रत्येक एसईवीसी स्टेशन ईवी चार्जर्स को हरित ऊर्जा की आपूर्ति करने के लिए एक रूफटॉप सौर ऊर्जा संयंत्र से लैस होगा।

अपनी विविधीकरण पहलों के एक भाग के रूप में, बीएचईएल ई-मोबिलिटी व्यवसाय में अपनी उपस्थिति बढ़ा रहा है। बीएचईएल ई-मोबिलिटी सेगमेंट में अपनी पेशकश बढ़ा रहा है और उसने खुद को ईवी चार्जर्स, इलेक्ट्रिक बसों और संबंधित महत्वपूर्ण घटकों के निर्माण के लिए सुसज्जित किया है। भारत सरकार के 'मेक इन इंडिया' पहल के हिस्से के रूप में, ईवी मोटर्स, प्रोपल्सन सिस्टम और फास्ट चार्जर्स का इन-हाउस विकास भी कंपनी द्वारा किया गया है।